>

Title:Need to provide special economic package for Development of infrastructure in Jharkhand .

***श्री हेमलाल मुर्मू (राजमहल) :** महोदय, झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों के विकास खासकर रेल, सड़क, पुल आदि के निर्माण एवं विकास सहित झारखंड के संथाल परगना जिलों खासकर साहिबगंज जिला में पावर प्लांट का निर्माण एवं बाढ़ नियंत्रण कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु सहित उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के विकास हेतु पैकेज की मांग केन्द्र सरकार को जुलाई 2008 में की गई थी। इस संबंध में सरकार द्वारा आश्वस्त कराया गया था कि एक उच्च स्तरीय समिति का गठन कर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी, परन्तु सरकार को समर्पित संबंधित ज्ञापन के आलोक में अपेक्षित कार्रवाई अपर्याप्त है।

अतः केन्द्र सरकार से आग्रह है कि दिनांक 19.7.2008 को विभिन्न सांसदों के द्वारा केन्द्र सरकार को समर्पित 13 सूत्री मांग के आलोक में प्रत्येक विभाग के द्वारा आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

* Treated as laid on the Table.